"निगम हिन्दी पत्राचार का स्वागत करता है"

दूरभाष Phone : 23234092
फैक्स Fax : 23234537
टॉल फ्री : 1800-11-2526

मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Headquarters, Employees' State Insurance Corporation
आई एस ओ 9001:2000 प्रमाणित ISO 9001:2000 certified
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली 110002
Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002

www.esic.nic.in

संख्याः ए-49/6/2/2012 रा.भा. दिनांकः 16 अगस्त, 2012

सेवा में,

1. आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, नई दिल्ली ।
2. सभी क्षेत्रीय निदेशक / निदेशक / प्रभारी संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय / उप क्षेत्रीय / प्रभागीय कार्यालय ।
3. सभी चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. अस्पताल,
4. निदेशक (चिकित्सा) दिल्ली / नोएडा ।

विषयः हिंदी दिवस /पखवाड़े का आयोजन ।

महोदय/महोदया,

राजभाषा विभाग द्वारा जारी की गई मार्गदर्शी रूपरेखा के अनुसार सभी कार्यालयों में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस तथा 01 सितम्बर से 14 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जाता है ।

निगम में सूचना प्रौद्योगिकी का सूत्रपात हो चुका है । अतः इस वर्ष पखवाड़े के दौरान हिंदी प्रतियोगिताएं "सूचना प्रौद्योगिकी" विषय वस्तु को केंद्र में रखकर आयोजित की जाएं और सभी बैनर या अन्य प्रचार सामग्री भी इसी को ध्यान में रखते हुए तैयार करवाई जाए । इस वर्ष निम्नलिखित विषयों पर फोकस करने का निर्णय लिया गया है:-

क. आई.टी.रोल आउट ।
ख. निगम के सभी कार्यालयों/क्षेत्रों की वेबसाइट का द्विभाषीकरण ।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा पखवाड़ा और हिंदी दिवस आयोजित किए जाएं तथा इस दौरान निम्नलिखित गतिविधियां/कार्यकलाप आयोजित किए जाएं :-

1. प्रत्येक पत्रादि के शीर्ष पर 'राजभाषा पखवाड़ा 2012' अंकित किया जाए और कार्यालय के मुख्य द्वार पर हिंदी पखवाड़े के बैनर प्रदर्शित किए जाएं ।
2. इस दौरान निर्धारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं और विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएं ।
3. पखवाड़े का समापन करते हुए 14 सितम्बर, 2012 को हिंदी दिवस आयोजित किया जाए ।
4. हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दृष्टि से प्रचार सामग्री, हिंदी पुस्तकें, शब्दावलियां, पत्रिकाएं टिप्पण-आलेखन के नमूने आदि प्रदर्शित किए जाएं।
5. सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा (जिन्हें हिंदी का ज्ञान है), अपना काम-काज (टिप्पणी/मसौदा आदि) सरल हिंदी में किया जाए ।
6. निर्धारित बजट में मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुए कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा सकता है ।

राजभाषा पखवाड़े तथा हिंदी दिवस समारोह की रिपोर्ट 30 सितम्बर, 2012 तक मुख्यालय भिजवाने की कृपा करें ।

यह पत्र बीमा आयुक्त महोदय के अनुमोदन से भेजा जा रहा है ।

भवदीय,

(श्याम सुंदर कथूरिया)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

प्रतिलिपि :-

मुख्यालय के सभी अधिकारी/शाखाओं को सूचनार्थ ।
वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को वेबसाइट में डालने हेतु ।

C:\Documents and Settings\ESICHQ\Desktop\BDM\hindi\samharo\hindi divas.doc

1108
17/8/12